एक नजर में

जल गंगा संवर्धन अभियान पर विशेष जोर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्राम विकास ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नन्ही टेहरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण स्वावलंबन समिति ने अपने सेक्टर में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन करने के लिए ग्राम वासियों को जल स्रोतों की साफ -सफ ाई और जीर्णोद्धार करने की जानकारी दी, जिससे ग्राम में वर्षा जल का संचय किया जा सके।

मप्र जन अभियान परिषद परामर्शदाता खुशबू सेन ने ग्राम वासियों को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि वर्षा जल को अपने अपने खेत में मेड़ बंधान कर पानी को रोक सकते हैं। साथ ही अधिक से अधिक जलीय संरचनाओं का निर्माण करें और फ लदार पौधा रोपड़ करें, जिससे वर्षा जल संचय किया जा सके। तभी भू जल में बढ़ोत्तरी हो। यह कार्य आप सभी के प्रयास से किया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष लखन लाल गर्ग, सचिव परमलाल कुम्हार, मछुआ समिति के अध्यक्ष गोतीराम रैकवार, सोहन रैकवार, परमुआ रैकवार, भुजबल कुशवाहा, सुकरात रैकवार, नितेश राय, सुगली रैकवार एवं ग्राम के कई नागरिक उपस्थित रहे।

बहुत जल्द, बहुत अच्छे परिणाम दिखाई देंगे : कृष्णा

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर पहुंचीं टीकमगढ़ के दौरे पर

कोर कमेटी के साथ संयुक्त कार्यालय में की समीक्षा

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

नगर पालिका में बहुत जल्द और बहुत अच्छे परिणाम आपको दिखाई देंगे. खराब सड़कों को लेकर मैंने विशेष निर्देश दिए हैं कि इसमें लापरवाही न बरतें और बारिश के पहले ही सारी खराब पड़ी सड़कों को ठीक कराएं. यह वक्तव्य कैबिनेट मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया के समक्ष दिए।

दरअसल अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर सुबह महामना एक्सप्रेस से टीकमगढ़ पहुंची जहां रेलवे स्टेशन पर भाजपाईयों ने उनका जमकर स्वागत किया। इसके बाद वह सर्किट हाउस पहुंची जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाकात करने के बाद दीनदयाल रसोई को देखने भी वह पहुंची जहां की व्यवस्था को देखकर उन्होंने टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया के काम को सराहा।

इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि यहां कुछ अलग देखने को मिला है, जहां गर्मी के मौसम में दीनदयाल रसोई में कूलर सहित ठंडक के लिए बेहतर सुविधा देखने को मिली। इसलिए निश्चित ही इसके लिए कलेक्टर एवं सीमएओ बधाई के पात्र हैं।

इसके बाद वह जिला चिकित्सालय पहुंची। जिला चिकित्सालय के बाद उन्होंने सीधे संयुक्त कार्यालय की ओर रुख किया। जहां पहुंचते ही उन्होंने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही जल गंगा संवर्धन योजना पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी जुटाई।

बैठक समाप्त होने के बाद वह संयुक्त कार्यालय से बाहर आई और उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश भर में भारत जल गंगा अभियान चल रहा था। जिसकी समीक्षा के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों की ड्यूटी लगाई थी कि वह अपने-अपने जिले में जाकर इसकी समीक्षा करें। इसी के तहत मैं टीकमगढ़ आई हूं और आज इसकी समीक्षा की है। जिस प्रकार का नवाचार योजनाओं को लेकर टीकमगढ़ जिले में किया जा रहा है उसमें जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों का सहयोग बेहद सराहनीय है। लगातार यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समाजिक सरोकार से भी लोग जुड़े। उन्होंने कहा कि यहां का पुलिस प्रशासन भी बेहतर कार्य कर रहा है। यहां अपराधों के लिए पुलिस बेहद सख्त है।

भाजपा महामंत्री को सर्किट हाउस में जाने से रोका

जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर महामना एक्सप्रेस से उतरने के बाद सर्किट हाउस पहुंची। जहां उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष एवं तमाम पदाधिकारी थी, लेकिन जिले के महामंत्री अश्विनी चढ़ार सर्किट हाउस के अंदर जाने से रह गए। जब वह सर्किट हाउस के दरवाजे पर पहुंचे तो उन्हें पुलिस ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैं महामंत्री हूं तो भी उन्हें जाने से मना किया गया। यह देख वहां बात-विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। अचानक फिर मामले को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुलझाया और फिर जिला महामंत्री अश्विनी चढ़ार अंदर जा पाए। ऐसे ही समाजसेवी मुन्नी लाल यादव को भी बाहर रोक दिया।

नगर पालिका के मामले को लेकर बंद कमरे में बैठक

टीकमगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष एवं बीते दिनों आई पीआईसी के विरोध में जो पार्षद मुन्ना साहू ने इस्तीफा सौंपा है उसके साथ नगर विकास को लेकर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं प्रशासक डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा के साथ सर्किट हाउस के बंद कमरे में बैठक की। इस दौरान यहां किसी को भी जाने से रोका गया था। यह बैठक तकरीबन 20 मिनिट तक चली। इसके बाद कृष्णा गौर बाहर निकली और दीनदयाल रसोई के लिए रवाना हुई।

खनिज विभाग की अवैध परिवहन पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

खनिज विभाग के आधिकारी इन दिनों अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहे है। जिससे कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसके चलते कलेक्टर के निर्देशन में खनिज अधिकारी विपुल रावत द्वारा झिर की बगिया रोड पर एम सेंड भरे हुए एक डम्पर की जांच की गयी। मौके पर वाहन चालक खनिज परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया, जिसके बाद एमसैंड भरे डम्पर को जप्त कर देहात थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कर दिया गया है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज अधिकारी विपुल रावत के द्वारा सोमवार को सुबह लगभग 10.30 बजे की इंद्रपुरी कॉलोनी में एम सेंड भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया, मौके पर ट्रैक्टर चालक खनिज संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया ,जिसके बाद एमसैंड भरे ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर देहात थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कर दिया गया है।

खनिज अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निरंतर कार्यवाहियां जारी हैं और आगे भी इसी प्रकार की अवैध परिवहन पर कार्यवाहियां होती रहेगी। झिर की बगिया रोड पर एम सेंड भरे हुए एक डम्पर की जांच की गयी। मौके पर वाहन चालक खनिज परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया, जिसके बाद एमसैंड भरे डम्पर को जप्त कर देहात थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कर दिया गया है। इसी प्रकार विभाग द्वारा ऐसी कार्यवाही रोजाना की जा रही है।

लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई झंडी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार आम-जन में करने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास द्वारा प्रचार वाहन एवं अन्य विभाग गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष श्रीमती प्रवीणा व्यास ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर, लोक अदालत का सफल बनाये। लोक अदालत में राजीनामा करने से ना किसी की हार होती है, ना ही किसी की जीत होती है, बल्कि आपसी वैमनस्यता हमेशा के लिए खत्म होकर आपसी सदभाव बना रहता है। प्रचार वाहनों के द्वारा ऑडियो क्लिप एवं पम्प्लेट के माध्यम से लोक अदालत से होने वाले लाभों को बताकर आम-जन को अपने-अपने प्रकरण आपसी सहमति से लोक अदालत में निराकृत कराये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश राजकुमार गुप्ता, ज्ञानेश्वरी कुमरे, वरूण पुनासे, कमलेश भरकुण्डिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार केशरवानी, सहित अन्य न्यायाधीशगण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल उपस्थित रहे।

विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्राम बिलगाय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषकों सहित उद्यानिकी विभाग के स्टाफएवं किसान संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला मे कृषकों को विभागीय योजनाओं ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर, सब्जी क्षेत्र विस्तार मसाला क्षेत्र विस्तार, बागवानी यंत्रीकरण, फल क्षेत्र विस्तार,शेड नेट हाउस के बारे में बताया।

खरगापुर नगर में जगह-जगह गंदगी का अंबार

नवभारत न्यूज, खरगापुर।

खरगापुर नगर परिषद की कार्यशैली एक बार फिर कठघरे में है। नगर के नए बस स्टैंड के पास जहां एक ओर कचरे का अंबार लगा हुआ है, वहीं दूसरी ओर उसी गंदगी के बीच मछली मार्केट संचालित किया जा रहा है। यह स्थिति न सिर्फ प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

नए बस स्टैंड वाले इलाके में सड़ी-गली गंदगी, प्लास्टिक कचरा और उससे उठती दुर्गंध के बीच मछली की बिक्री हो रही है।

मछली मार्केट से निकलने वाला अतिरिक्त कचरा और गंदगी स्थिति को और भी भयावह बना रही है। ऐसे माहौल में खाद्य सामग्री का खुलेआम विक्रय होना कई गंभीर बीमारियों को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। बदबू, गंदगी और मच्छरों का आतंक इतना बढ़ चुका है कि क्षेत्र में संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बावजूद नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

दिव्यांग कैदियों को दिए गए उपकरण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

आयुक्त निशक्तजन के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित जिला पुनर्वास केन्द्र द्वारा जिला जेल में दिव्यांग कैदियों के पुनर्वास एवं सुविधा हेतु सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस पहल के तहत एक महिला कैदी, जो दोनों पैरों से दिव्यांग है, को व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं एक पुरुष कैदी, जो लकवाग्रस्त है, को व्हीलचेयर के साथ वॉकिंग स्टिक भी उपलब्ध कराई गई।

इसके साथ ही अन्य दो कैदियों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए।अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रयासों से दिव्यांग कैदियों के जीवन में सुधार आएगा तथा उन्हें दैनिक गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। संवेदनशील प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शहर में आंधी-तूफान और बारिश ने मचाई तबाही

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आंधी-तूफान और बारिश के बाद दिन-रात के तापमान में कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान घटकर 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने आज शाम फिर तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मंगलवार शाम को भी तेज हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को मौसम साफ और धूप वाला रहेगा। सुबह 11 बजे वर्तमान तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने का अनुमान है। हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने आगामी घंटों में क्षेत्र में गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट भी जारी किया है। अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने का अनुमान है, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। इसके बाद एक बार फिर दिन और रात के तापमान में वृद्धि हो सकती है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री था। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तापमान में गिरावट के कारण आज सुबह से ही पुलिस परेड ग्राउंड में बड़ी संख्या में बच्चे खेलने पहुंचे। ठंडी हवाओं के बीच बच्चों ने खेल का आनंद लिया। आंधी-तूफान और बारिश के बाद दिन-रात के तापमान में कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान घटकर 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा।

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नहीं हटी शराब दुकान

दिगौड़ा के लोगों ने ठेकेदार पर की कार्यवाही की मांग

29 अप्रैल को शराब दुकान हटाने के दिए थे निर्देश

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कस्बा दिगौड़ा में सब्जी मंडी के पीछे आजीविका मिशन कार्यालय गेहूं खरीदी केंद्र के बगल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप खोली गई 2 नबंर कंपोजिट शराब दुकान को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के द्वारा जैसे ही हटाने के निर्देश दिए गए थे । वैसे ही आस-पड़ोस के लोगों ने राहत की सांस लेते हुए कलेक्टर के निर्देश का स्वागत किया था । लेकिन कलेक्टर के निर्देश के बाद भी शराब दुकान ठेकेदार के द्वारा खबर लिखे जाने तक उक्त स्थान से शराब दुकान को नहीं हटाया गया ।

गौरतलब है कि सब्जी मंडी के पीछे मध्य प्रदेश डे राज्य आजीविका मिशन कार्यालय गेहूं खरीदी केंद्र के बगल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप नियमों को ताक पर रखकर खोली गई 2 नबंर कम्पोजिट शराब दुकान कलेक्टर के निर्देश के बाद भी खबर लिखे जाने तक नहीं हटने को लेकर तरह तरह की चर्चाएं सामने आ रही है । कोई शराब दुकान के ठेकेदार को दबंग और बाहुबली ठेकेदार बता रहा है । तो कोई आबकारी अधिकारियों की सांठ-गांठ बता रहा है । खैर कुछ भी हो कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बीती 29 अप्रैल को आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को उक्त स्थल से कंपोजिट शराब दुकान हटाने के निर्देश दिए थे । कलेक्टर के निर्देश सामने आते ही मंडी प्रांगण के सामने निवासरत लोगों एवं व्यापारियों ने कलेक्टर के निर्णय का स्वागत करते हुए राहत की सांस ली थी । लेकिन आबकारी अधिकारियों की उदासीनता के चलते 2 नंबर कम्पोजिट शराब दुकान खबर लिखे जाने तक वहीं पर संचालित है ।

लोगों ने पुन: कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय टीकमगढ़ का ध्यान आपेक्षित किया है । और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कस्बा में सब्जी मंडी के पीछे आजीविका मिशन कार्यालय गेहूं खरीदी केंद्र के बगल में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप खोली गई 2 नबंर कंपोजिट शराब दुकान को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के द्वारा जैसे ही हटाने के निर्देश दिए गए थे । लेकिन कलेक्टर के निर्देश के बाद भी शराब दुकान ठेकेदार के द्वारा खबर लिखे जाने तक उक्त स्थान से शराब दुकान को नहीं हटाया गया ।

चेतावनी | **विभिन्न मांगों का दिया ज्ञापन**

रसोइयों का वेतन नहीं मिलने पर हड़ताल की चेतावनी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मध्याह्न भोजन बांटने वाले महिला स्व सहायता समूहों ने बुधवार को प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपा। समूहों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले 10 महीने से खाद्यान्न नहीं मिला है और रसोइयों का वेतन भी बकाया है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की चेतावनी दी।

प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले महिलाओं ने यह प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि जग प्रसाद यादव ने बताया कि टीकमगढ़ जिले के लगभग 92 स्कूलों का मैपिंग कार्य अगस्त 2025 से मई 2026 तक 10 माह से लंबित है, जिसमें आज तक सुधार नहीं हुआ है।यादव के अनुसार, पीएम पोषण योजना में संलग्न स्व सहायता समूहों और रसोइयों को विगत 10 माह से लागत राशि, पारिश्रमिक भुगतान और खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है। समूहों को कर्ज लेकर मध्याह्न भोजन का कार्य सुचारू रूप से संचालित करना पड़ रहा है। समूहों ने बताया कि दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कई बार ज्ञापन दिए हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रभारी मंत्री से शीघ्र भुगतान और समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो चूल्हा बंद कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।जिले में संचालित मध्याह्न भोजन योजना को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। बुधवार को महिला स्व-सहायता समूहों ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए। समूहों का कहना है कि पिछले 10 महीनों से उन्हें खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की गई है, जिससे स्कूलों में भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। साथ ही रसोइयों का मानदेय भी लंबे समय से बकाया है।

प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी मांगें रखीं। इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि जग प्रसाद यादव ने बताया कि जिले के करीब 92 स्कूलों का मैपिंग कार्य अगस्त 2025 से मई 2026 तक लंबित पड़ा हुआ है। बार-बार शिकायतों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किया गया है।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण उन्हें अपनी जेब से खर्च कर भोजन बनाना पड़ रहा है, जो अब संभव नहीं है। आर्थिक संकट के चलते कई समूह योजना से पीछे हटने की स्थिति में हैं।

शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र समाधान के निर्देश देने की बात कही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है। आर्थिक संकट के चलते कई समूह योजना से पीछे हटने की स्थिति में हैं। ज्ञापन में और भी कई आरोप लगाए गए।

अधिकारियों ने कराया निराकरण

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 86 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

ओलावृष्टि के साथ होगी गरज-चमक

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

आगामी 3 दिनों के दौरान ओलावृष्टि गरज चमक के साथ वर्षा होने तथा आंधी-तूफान 50-60 किमी प्रति घंटा चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 से 37 डिसे के आस-पास तथा रात का न्यूनतम तापमान 20 से 21 डि.से. के आस-पास रहने की संभावना है।

जिन किसान भाईयों ने खाली खेतों की जुताई नहीं की हो वे बिगत सप्ताह में हुई बर्षा से प्राप्त नमी का लाभ लेते हुए तथा आगामी 3 दिनों के दौरान वर्षा होने की संभावना को देखते हुए, वे खेतों की जुताई का कार्य करें। वर्तमान मौसम के दौरान सिंचाई, उर्वरक का प्रयोग और दवा के छिड़काव से बचें और मौसम सामान्य होने पर ही पौध संरक्षण के उपाय करें। वर्तमान मौसम में सब्जियों तथा उड़द, मूंग आदि फ सलों में कीट पतंगो की सक्रियता देखी जा सकती है। अत: किसान भाई फसल का निरीक्षण करते रहें। आगामी 3 दिनों के दौरान ओलावृष्टि, गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी गई है।